प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 99/2020)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

''प्लेटफार्म सेवाओं के लिए विनियामक फ्रेमवर्क'' पर भादूविप्रा की दिनांक 19.11.2014 की सिफारिशों पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) के पिछले पत्र और ''डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा प्रस्तुत प्लेटफार्म सेवाओं'' पर भादूविप्रा की दिनांक 13.11.2019 की सिफारिशों पर एमआईबी के पत्र के संबंध में परामर्श पत्र पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि को बढ़ाना।

नई दिल्ली, 11 दिसंबर 2020 – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने ''प्लेटफार्म सेवाओं के लिए विनियामक फ्रेमवर्क'' पर भादूविप्रा की दिनांक 19.11.2014 की सिफारिशों पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) के पिछले पत्र और ''डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा प्रस्तुत प्लेटफार्म सेवाओं'' पर भादूविप्रा की दिनांक 13.11.2019 की सिफारिशों पर एमआईबी के पत्र के संबंध में दिनांक 7 दिसंबर 2020 को एक परामर्श पत्र जारी किया था। लिखित टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 14 दिसंबर, 2020 और प्रति–टिप्पणियां, यदि कोई हों, प्राप्त करने के लिए 19 दिसंबर, 2020 निर्धारित की गई थी।

2. हितधारकों ने ''प्लेटफार्म सेवाओं के लिए विनियामक फ्रेमवर्क'' पर भादूविप्रा की दिनांक 19.11.2014 की सिफारिशों पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) के पिछले पत्र और ''डीटीएच ऑपरेटरों द्वारा प्रस्तुत प्लेटफार्म सेवाओं'' पर भादूविप्रा की दिनांक 13.11.2019 की सिफारिशों पर एमआईबी के पत्र संबंधी परामर्श पत्र पर अपनी टिप्पणियां भेजने के लिए समयसीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। इसके दृष्टिगत, लिखित टिप्पणियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 21 दिसंबर, 2020 तक और प्रति–टिप्पणिया, यदि कोई हों, के लिए अंतिम तिथि को 26 दिसंबर, 2020 तक के लिए बढ़ाया गया है। इसके बाद अंतिम तिथि बढ़ाने के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. टिप्पणियां और प्रति–टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बीएंडसीएस), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण को ईमेल advbcs-2@trai.gov.in या sapna.sharma@trai.gov.in पर भेजी जा सकती है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बीएंडसीएस) से टेलीफोन नंबरः +91–11–23237922, फैक्सः + 91–11–23220442 द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

(एस. के. मिश्रा)
सचिव (आई/सी), भादूविप्रा

अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।